पॉलिसी: पॉलिसी पढ़ना/ पॉलिसी वीडियो देखना

पॉलिसी संख्या – 24

जारी होने की तारीख – 12/10/2020

आख़िरी संशोधन की तारीख़ – 30/07/2021

किस पर लागू है –कम्पनी के सभी कर्मचारियों पर

पॉलिसी में पेज़ों की कुल संख्या – 1

सभी कर्मचारियों को सभी पॉलिसी और उनमें जारी किए गए संशोधनों को पढ़ना चाहिए। प्रत्येक कर्मचारी को अनिवार्य रूप से हर चार महीने में एक बार सभी पॉलिसी और उनके संशोधनों को पढ़ना होगा। इसके लिए वे एच-आर विभाग में आ सकते हैं और उन्हें पढ़ सकते हैं। यह कम्पनी में चल रही पॉलिसी के बारे में सभी को अवगत कराने के लिए है। यह महत्वपूर्ण है कि कर्मचारी पॉलिसी को समझें और उन्हें अमल में लायें। इसलिए उन्हें नियमित रूप से उनको पढ़ना चाहिए।

एच-आर विभाग सभी कर्मचारियों के नाम और अलग-अलग महीनों के लिए एक रजिस्टर बनाए रखेगा, और यह भी ध्यान रखेगा कि इस पॉलिसी को लागू किया जाये ताकि यह पता किया जा सके कि किसी कर्मचारी ने आखिरी बार कब कोई पॉलिसी पढ़ी थी ताकि सभी कर्मचारियों को पॉलिसी पढ़ने के लिए बुलाया जा सके, जब वे अपने काम में बहुत ज्यादा व्यस्त न हों।

साथ ही पॉलिसी पढ़ने की बजाय उनकी वीडियो भी देखी जा सकती है, लेकिन केवल तभी जब वे कम से कम एक बार पॉलिसी को पढ़ चुके हों।

जो लोग साल में 3 बार पॉलिसी पढ़ चुके हैं या कम से कम दो बार पॉलिसी वीडियो देख चुके हैं, उन्हें इससे बाहर रखा जा सकता है।

ok Approved

एच-आर प्रमुख द्वारा लिखित

HR and Management Approved

ok Approved

मैनेजमेंट द्वारा स्वीकृत